Aid for Rajasthan Canal

9661. SHRI KRISHAN KUMAR GOYAL : Will the Minister of IRRIGATION be pleased to state :

(a) whether the International Fund for Agricultural Development has provided aid for the Rajasthan Canal Project: and

(b) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF IRRIGATION (SHRI RAM NIWAS MIRDHA) : (a) Yes, Sir.

(b) An agreement of assistance of US $ 55 million was signed with IFAD in March, 1980 for Rajasthan Canal Project Stage (Phase-II). The project comprises of Afforestation, Roads, village water supply and on-farm development. The closing date of the Agreement is March, 1986.

राजाधिराज वनस्पति उद्योग, मध्य प्रदेश द्वारा वनस्पति उत्पादन

9662. श्री राम लाल राही : क्या खाद्य और नागरिक पूर्ति मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के जिला शिवानी में राजाधिराज वनस्पति उद्योग को कितने टन वनस्पति उत्पादन का लाइसेंस दिया गया था;

(ख) जिस वर्ष से इस मिल ने उत्पादन चालू किया क्या वह इसकी उत्पादन की लाइसेंस क्षमता के अनुसार था; और

(ग) यदि उत्पादन लाइसेंस क्षमता से कम या अधिक था तो उसके क्या कारण हैं ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मन्त्रालय के राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) मैसर्स राजाधिराज इण्डस्ट्रीज (पी०) लि० को सेवनी, मध्य प्रदेश में प्रतिदिन 25 मी० टन वनस्पति का उत्पादन करने के लिए एक औद्योगिक लाइसेंस जारी किया गया है।

(ख) और (ग) फरवरी, 1982 में उत्पादन आरम्भ करने पर इस एकक ने वित्तीय वर्ष 1982-83 के दौरान 6916 मी० टन वनस्पति का उत्पादन किया। किसी एकक द्वारा क्षमता का उपयोग कई बातों पर निर्भर करता है, जैसे कच्ची सामग्री की उपलभ्यता, संयंत्र तथा प्रबन्धकों की कुशलता और अन्य आदानों की नियमित आपूर्ति।

सामाजिक वानिकी योजना के लिए मध्य प्रदेश को दी गई राशि

9663. श्री राम लाल राही : क्या कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1981-82 और 1982-83 के दौरान सामाजिक वानिकी योजना के अन्तर्गत मध्य प्रदेश को कितनी राशि दी गई ?

कृषि मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) : 1981-82 और 1982-83 के दौरान सामाजिक वानिकी की केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना के तहत मध्य प्रदेश को दी गई धनराशि नीचे प्रदर्शित की गई है :—

	लाख रुपए
1981-82	88.18
1982-83	199.35

Implementation of Land Ceiling, Tenancy, Debt Relief, Abolition of Bonded Labour Legislations in Bihar

9664. SHRI BHOGENDRA JHA : Will the Minister of RURAL DEVELOPMENT be pleased to state the latest position with regard to the actual